Func. Hindi

**Set No.1**

**Question Booklet No.** 00106

# 11P/225/20

*(To be filled up by the candidate by blue/black ball-point pen)*

**Roll No.** | | | | | | | | |

**Roll No. (Write the digits in words)** ..............................................................

**Serial No. of Answer Sheet** ..........................................

**Day and Date** .............................................................. ..........................................
( **Signature of Invigilator** )

## INSTRUCTIONS TO CANDIDATES

(Use only ***blue/black ball-point pen*** in the space above and on both sides of the **Answer Sheet**)

1. Within 10 minutes of the issue of the Question Booklet, check the Question Booklet to ensure that it contains all the pages in correct sequence and that no page/question is missing. In case of faulty Question Booklet bring it to the notice of the Superintendent/Invigilators immediately to obtain a fresh Question Booklet.
2. Do not bring any loose paper, written or blank, inside the Examination Hall ***except the Admit Card without its envelope.***
3. ***A separate Answer Sheet is given. It should not be folded or mutilated. A second Answer Sl shall not be provided. Only the Answer Sheet will be evaluated.***
4. Write your Roll Number and Serial Number of the Answer Sheet by pen in the space prvided above.
5. ***On the front page of the Answer Sheet, write by pen your Roll Number in the space provided at the top and by darkening the circles at the bottom. Also, wherever applicable, write the Question Booklet Number and the Set Number in appropriate places.***
6. ***No overwriting is allowed in the entries of Roll No., Question Booklet no. and Set no. (if any) on OMR sheet and Roll No. and OMR sheet no. on the Queston Booklet.***
7. ***Any change in the aforesaid entries is to be verified by the invigilator, otherwise it will be taken as unfairmeans.***
8. ***Each question in this Booklet is followed by four alternative answers. For each question, you are to record the correct option on the Answer Sheet by darkening the appropriate circle in the corresponding row of the Answer Sheet, by pen as mentioned in the guidelines given on the first page of the Answer Sheet.***
9. For each question, darken only one circle on the Answer Sheet. If you darken more than one circle or darken a circle partially, the answer will be treated as incorrect.
10. *Note that the answer once filled in ink cannot be changed. If you do not wish to attempt a question, leave all the circles in the corresponding row blank (such question will be awarded zero marks).*
11. For rough work, use the inner back page of the title cover and the blank page at the end of this Booklet.
12. Deposit only **OMR** ***Answer Sheet*** at the end of the Test.
13. You are not permitted to leave the Examination Hall until the end of the Test.
14. If a candidate attempts to use any form of unfair means, he/she shall be liable to such punishment as the University may determine and impose on him/her.

**Total No. of Printed Pages :28** *[उपर्युक्त निर्देश हिन्दी में अन्तिम आवरण पृष्ठ पर दिये गए हैं।]*

# 11P/225/20

**No. of Questions : 150**

**प्रश्नों की संख्या : 150**

***Time : $2\frac{1}{2}$ Hours*** ***Full Marks : 450***

***समय : $2\frac{1}{2}$ घण्टे*** ***पूर्णाङ्क : 450***

**Note :** (1) Attempt as many questions as you can. Each question carries **3 (Three)** marks. ***One mark will be deducted for each incorrect answer***. Zero mark will be awarded for each unattempted question.

अधिकाधिक प्रश्नों को हल करने का प्रयत्न करें। प्रत्येक प्रश्न **3 ( तीन )** अंक का है। *प्रत्येक गलत उत्तर के लिए एक अंक काटा जायेगा।* प्रत्येक अनुत्तरित प्रश्न का प्राप्तांक *शून्य* होगा।

(2) If more than one alternative answers seem to be approximate to the correct answer, choose the closest one.

यदि एकाधिक वैकल्पिक उत्तर सही उत्तर के निकट प्रतीत हों, तो निकटतम सही उत्तर दें।

**1.** सूर्य की विकिरण ऊर्जा किसका परिणाम है?

(1) नाभिकीय विखंडन (fission) (2) नाभिकीय संलयन (fusion)

(3) रासायनिक क्रिया (4) ब्रह्माण्ड विकिरण

**2.** भारत में मुद्रास्फीति किसके द्वारा मापी जाती है ?

(1) फुटकर मूल्य सूचकांक

(2) थोक मूल्य सूचकांक

(3) कृषि कार्मिकों हेतु उपभोक्ता मूल्य सूचकांक

(4) औद्योगिक कर्मियों हेतु उपभोक्ता मूल्य सूचकांक

3. संविधान का कौन-सा अनुच्छेद बच्चों के शोषण का निषेध करता है?

(1) अनु० 19 (2) अनु० 17 (3) अनु० 23 (4) अनु० 24

4. आज के समय में 'नवरत्न' का तात्पर्य है :

(1) वे नव बूटियाँ जिनसे हर्बल ईंधन बनता है

(2) नार्थ ईस्ट फ्रंटियर एजेन्सी के नौ राज्य

(3) सार्वजनिक क्षेत्र के पूर्ण स्वायत्तता प्राप्त नौ उद्योग

(4) सॉफ्टवेयर के नौ घटक

5. राष्ट्रपति लोकसभा में किस सीमा तक आंग्ल-भारतीय समुदाय के सदस्यों को मनोनीत कर सकते हैं?

(1) 3 से अनधिक (2) 2 से अनधिक (3) 12 से अनधिक (4) 8 से अनधिक

6. निम्नांकित **सूची:I** को **सूची:II** से सुमेलित कीजिए और क्रमवार सही विकल्प का चयन कीजिए :

| **सूची:I** | **सूची :II** |
|---|---|
| ओटाइटिस | (क) गला |
| एनस्फैलाइटिस | (ख) कान |
| लैरिंजाइटिस | (ग) यकृत |
| हेपेटाइटिस | (घ) मस्तिष्क |

(1) ख, घ, क, ग (2) क, ग, घ, ख

(3) ग, घ, ख, क (4) घ, ख, ग, क

7. निम्नलिखित में से 'हैरी पॉटर' नामक पुस्तक श्रृंखला का प्रसिद्ध लेखक कौन है?

(1) जे०के० रोलिंग (2) जूलिया रॉबर्ट्स (3) लिंडसे लोहान (4) सांड्रा बुलक

8. पीसा की झुकी हुई मीनार अभी तक गिरी नहीं क्योंकि :
   (1) वह शीर्ष भाग में पतली (Tapper) हो गई है
   (2) वह बड़े तल क्षेत्रफल को आच्छादित करती है
   (3) इसका गुरुत्वाकर्षण केन्द्र निम्नतम स्थिति में रहता है
   (4) गुरुत्वाकर्षण केन्द्र से जाने वाली ऊर्ध्वाधर रेखा तल के अन्दर रहती है

9. निम्नलिखित में से कौन एक उत्तर प्रदेश का लोकगीत **नहीं है** ?
   (1) रसिया (2) ढोला मारू (3) बिरहा (4) कजरी

10. सूची:I को सूची: II से क्रमवार सुमेलित कीजिए :

| सूची: I | सूची: II |
|---|---|
| (क) ई०ई०जी० | (i) मांसपेशी |
| (ख) ई०सी०जी० | (ii) आँख |
| (ग) ई०ओ०जी० | (iii) मस्तिष्क |
| (घ) ई०एम०जी० | (iv) हृदय |

| कूट : | क | ख | ग | घ |
|---|---|---|---|---|
| (1) | i | ii | iii | iv |
| (2) | iv | iii | ii | i |
| (3) | iii | iv | ii | i |
| (4) | iii | iv | i | ii |

11. निम्नलिखित दशाओं पर ध्यान दीजिए और बताइए कि इनमें से कौन वैश्विक ताप के असर को इंगित करती हैं?
   (क) हिमानी का पिघलना
   (ख) सागरीय तल में उत्थान
   (ग) मौसमी दशाओं में परिवर्तन
   (घ) ग्लोबीय तापमान में वृद्धि
   (1) क, ख (2) क, ख, ग (3) ख, ग, घ (4) क, ख, ग, घ

**12.** यदि एक विद्युत ट्रेन उत्तर से दक्षिण को जा रही है और वायु की दिशा पश्चिम से पूर्व की ओर है तो इंजन का धुँआ किस दिशा में जाएगा?

(1) दक्षिण-पूर्व (2) उत्तर-पूर्व

(3) दक्षिण-पश्चिम (4) उपर्युक्त में कोई नहीं

**13.** 'यूरो नार्म्स' बनाए गए हैं :

(1) वाहनों की गति-नियंत्रण के लिए

(2) वाहनों का आकार वर्गीकरण के लिए

(3) वाहनों से निकलने वाली हानिप्रद गैसों को नियंत्रित करने के लिए

(4) इंजन की शक्ति बताने के लिए

**14.** 123 समझौता सम्बन्धित है :

(1) भारत-अमरीका (2) भारत-रूस (3) भारत-पाक (4) भारत-चीन

**15.** टीकाकरण द्वारा निम्नलिखित में से किसको नियंत्रित **नहीं** किया जा सकता?

(1) चेचक (2) मधुमेह (3) पोलियो (4) काली खाँसी

**16.** 'माई कन्ट्री माई लाइफ' नामक पुस्तक के लेखक हैं :

(1) अटल बिहारी वाजपेयी (2) ए०पी०जे० अब्दुल कलाम

(3) लाल कृष्ण आडवाणी (4) जॉर्ज फर्नांडीज

**17.** किस राज्य की अर्थव्यवस्था को 'मनी आर्डर' अर्थव्यवस्था कहा जाता है?

(1) छत्तीसगढ़ (2) झारखंड (3) पंजाब (4) उत्तरांचल

**18.** भारतीय भाषाओं में से हिन्दी के बाद दूसरी कौन-सी भाषा विश्व में अधिकतम बोली जाती है ?

(1) तेलुगु (2) तमिल (3) बाङ्ला (4) मलयालम

19. भारत के सभी जैवमण्डलीय आरक्षित क्षेत्रों में से चार को यूनेस्को (UNESCO) द्वारा विश्व संजाल तंत्र (World Netwok) में मान्यता दी गयी है। अधोलिखित में कौन-सा उनमें **नहीं** है?

(1) मन्नार की खाड़ी (2) कंचनजंघा (3) नन्दा देवी (4) सुन्दर वन

20. टिहरी पनबिजली कॉम्प्लेक्स निम्नलिखित में से किस नदी पर अवस्थित है?

(1) अलकनन्दा (2) भागीरथी (3) धौलीगंगा (4) मंदाकिनी

21. निम्नलिखित में कौन-सी सूचना प्रौद्योगिकी पारिभाषिकी **नहीं** है?

(1) लॉगिन (2) मॉडेम (3) पासवर्ड (4) पिनाका

22. 'नेशनल गैलरी ऑफ माडर्न आर्ट' स्थित है :

(1) मैसूर (2) कानपुर (3) नई दिल्ली (4) लखनऊ

23. योग्यतम उत्तरजीविता का नियम किससे सम्बन्धित है ?

(1) मेन्डलीफ (2) जॉन मेण्डल (3) चार्ल्स डार्विन (4) लैमार्क

24. भारतीय संविधान की किस धारा के अन्तर्गत राष्ट्रपति राज्यों के प्रशासन को सँभालता है; जब राज्य तंत्र विफल हो गया हो:

(1) धारा 83(2) (2) धारा 352 (3) धारा 356 (4) धारा 370

25. 'कोपनहेगन शीर्ष-सम्मेलन' का सम्बन्ध है :

(1) डेनमार्क से (2) टोरन्टो से (3) लॉस एंजिल्स से (4) बर्लिन से

26. 'माई नेम इज खान' फिल्म के निर्देशक हैं :

(1) यश चोपड़ा (2) शाहरुख खान (3) करन जौहर (4) आदित्य चोपड़ा

**27.** अधोलिखित को सुमेलित कीजिए :

| सूची : I | सूची : II |
|---|---|
| (क) विक्रम संवत्सर | (i) 3102 ई०पू० |
| (ख) शक संवत्सर | (ii) 320 ई० |
| (ग) गुप्त संवत्सर | (iii) 78 ई० |
| (घ) कलि संवत्सर | (iv) 58 ई० |
| | (v) 248 ई० |

| कूट: | क | ख | ग | घ |
|---|---|---|---|---|
| (1) | ii | iv | v | i |
| (2) | i | iii | ii | iv |
| (3) | iv | v | ii | iii |
| (4) | iv | iii | ii | i |

**28.** अमरीकी राष्ट्रपति ओबामा ने भारतीय मूल के किस व्यक्ति/महिला को 'कला एवं मानवता समिति' का सदस्य नियुक्त किया?

(1) निरुपमा राव (2) झुंपा लाहिड़ी (3) सुजाता सिंह (4) गगनजीत भुल्लर

**29.** वर्ष 2009-10 का 'दलीप ट्रॉफी' विजेता कौन बना

(1) उत्तर क्षेत्र (2) पश्चिम क्षेत्र (3) दक्षिण क्षेत्र (4) रेलवे

**30.** 'स्लाइडिंग टैकल' शब्दावली का सम्बन्ध किस खेल से है?

(1) फुटबॉल (2) वालीबॉल (3) स्नूकर (4) लॉन टेनिस

**31.** अधोलिखित में से ग्रीन हाउस गैस नहीं है?

(1) ईथेन (2) मीथेन (3) क्लोरोफ्लोरो कार्बन (4) नाइट्रस ऑक्साइड

**32.** अंग्रेजी में पर्यावरण के लिए प्रयुक्त `Environment' किस भाषा के शब्द से निष्पन्न है?

(1) फ्रेंच (2) ग्रीक (3) लैटिन (4) स्पेनिश

**33.** मोबाइल (सेल फोन) सम्बन्धी `4G' तकनीकी का सर्वप्रथम प्रयोक्ता देश है :

(1) यू०एस०ए० (2) जापान (3) चीन (4) कोरिया

**34.** राज्य सभा के लिए नामित पहली महिला फिल्मकार थीं?

(1) मधुबाला (2) नर्गिस दत्त (3) शबाना आज़मी (4) जयललिता

**35.** ``A better India : A better World" पुस्तक का प्रणेता निम्नलिखित में से कौन है?

(1) चंदर एस० सुन्दरम
(2) एन०आर० नारायण मूर्ति
(3) नमिता गोखले
(4) अनिता देसाई

**36.** कतिपय प्रमुख अखबारों में यह समाचार प्रकाशित हुआ था कि:

`F & O घोटाले में कुछ कम्पनियों की भूमिका के लिए SEBI ने उन पर प्रतिबन्ध लगाया।'

`F&O' का पूरा रूप क्या है?

(1) Fair & Optimum
(2) Free & Operational
(3) Future & Options
(4) Future & Operations

**37.** निम्नलिखित में से कौन-सा कथन असत्य है?

(1) एकता चौधरी को वर्ष 2009 के लिए 'मिस इण्डिया यूनिवर्स' के लिए चयनित किया गया था

(2) पूजा चोपड़ा को वर्ष 2009 के लिए 'मिस इण्डिया वर्ल्ड' के खिताब से सम्मानित किया गया था

(3) श्रिया किशोर को वर्ष 2009 के लिए 'मिस इण्डिया अर्थ' के खिताब से सम्मानित किया गया था

(4) सोफिया हान्डा को वर्ष 2009 के लिए 'मिस इण्डिया पैसिफिक' के खिताब से सम्मानित किया गया था

**38.** विपणन और बैंकिंग के क्षेत्र में प्रॉस्पेक्ट (Prospect) का अर्थ है?

(1) कोई भी ग्राहक जो बैंक में आता है

(2) बैंक का एक कर्मचारी

(3) बैंक का एक जमाकर्ता

(4) बैंक के उत्पाद या सेवा में जिसकी दिलचस्पी होने की संभावना हो, ऐसा ग्राहक

**39.** Innovation का क्या अर्थ है?

(1) नए विचार या पद्धतियाँ लागू करना (2) मुआवजा

(3) प्रेरणा (4) अतिरिक्त अनुलाभ

**40.** Motivation का अर्थ है :

(1) बेहतर सम्प्रेषण कौशल

(2) कर्मचारियों को बेहतर कार्य-निष्पादन के लिए प्रेरित करना

(3) विक्रम कोचिंग

(4) बाजार अनुसंधान

**41.** प्रोग्राम में त्रुटि जिससे गलत या अनुपयुक्त परिणाम उत्पन्न होते हैं, उसे कम्प्यूटर प्रोग्रामिंग की भाषा में ........................ कहते हैं।

(1) बाइट (2) बग (3) यूनिट प्राब्लम (4) एट्रिब्यूट

**42.** निम्नलिखित में से किस बाल कलाकार को 'तारे जमीं पर' फिल्म में सर्वश्रेष्ठ अभिनय के लिए पुरस्कृत किया गया?

(1) हेमन्त काचरू (2) विभोर पराशर (3) दर्शील सफारी (4) वैभव मर्चेन्ट

**43.** ई-मेल सेवा सर्वप्रथम निम्नलिखित में से किसने प्रारम्भ की थी

(1) Yahoo (2) Rediff (3) Hotmail (4) Google

**44.** मकाऊ में आयोजित दसवें आइफा पुरस्कार समारोह में किसे सर्वश्रेष्ठ अभिनेता का पुरस्कार प्रदान किया गया?

(1) अभिषेक बच्चन (2) ऋतिक रोशन (3) सलमान खान (4) आमिर खान

**45.** भारत ने निम्नलिखित में से किस देश के साथ समझौता ज्ञापन (MOU) पर हस्ताक्षर किया है, जिसमें यह कहा गया है कि वे विधिसम्मत शासन, सार्वभौम समानता और राष्ट्रों के आंतरिक मामलों में अहस्तक्षेप के आधार पर 'मल्टी पोलर वर्ल्ड ऑर्डर' की रचना करेंगे?

(1) अमरीका (2) रूस (3) ब्रिटेन (4) चीन

**46.** निम्नलिखित में से किस दिन 'विश्व तम्बाकू रहित दिवस' मनाया जाता है?

(1) 1 मई (2) 10 मई (3) 21 मई (4) 31 मई

**47.** आर्थिक समाचार-पत्रों में हम बहुधा 'ECB' शब्द पढ़ते हैं। 'ECB' का पूर्ण रूप क्या है?

(1) External Commercial Borrowing

(2) External Credit & Business

(3) Essential Commercial Borrowing

(4) Essential Credit & Borrowing

**48.** निम्नलिखित में से कौन दक्षिण एशियाई क्षेत्रीय सहयोग संघ (SAARC) का सदस्य नहीं है?

(1) पाकिस्तान (2) नेपाल (3) म्यांमार (4) भूटान

**49.** निम्नलिखित में से किस फिल्म को राष्ट्रीय एकता के लिए सर्वश्रेष्ठ फिल्म का नर्गिस दत्त पुरस्कार:2006 प्रदान किया गया?

(1) लगे रहो मुन्ना भाई (हिन्दी) (2) पुलिजन्मम् (मलयालम)

(3) कल्लारली हुवगी (कन्नड) (4) रंग दे बसन्ती (हिन्दी)

**50.** सत्यम कम्प्यूटर्स अब निम्नलिखित में से किसकी अनुषंगी कम्पनी है?

(1) टेक महिन्द्रा (2) विप्रो (3) इंफोसिस (4) मायतास

51. 'अ' किसी कार्य को 10 दिन में पूरा कर सकता है। 'अ' और 'ब' उसी कार्य को 6 दिन में पूरा कर सकते हैं, तो अकेले 'ब' इस कार्य को कितने दिन में पूरा कर लेगा?

(1) 15 (2) 12 (3) 9 (4) 13

52. श्री रुद्रदेव मल्लिक अपने मासिक वेतन का 8% अर्थात् रु० 2880 भारतीय जीवन बीमा निगम की पॉलिसी में निवेश करते हैं। इतना ही नहीं, वे अपने मासिक वेतन का क्रमश: 17% और 3% पारिवारिक मेडीक्लेम पॉलिसी और राष्ट्रीय बचत-पत्र में भी निवेश करते हैं। श्री मल्लिक वर्ष में कुल कितनी धनराशि का निवेश करते हैं?

(1) रु० 1,30,960 (2) रु० 1,20,960 (3) रु० 1,20,060 (4) रु० 1,10,060

53. 5 लड़कों और 4 लड़कियों में से 5 सदस्यों की एक टीम बनानी है जिसमें कम-से-कम 2 लड़कियाँ अवश्य हों। टीम का गठन अलग-अलग कितने प्रकार से किया जा सकता है?

(1) 120 (2) 100 (3) 105 (4) 90

54. एक रेलगाड़ी 300 मी० लम्बे प्लेटफार्म को 38 सेकेंड में और एक संकेत पोल को 18 सेकेंड में पार करती है तो उसकी गति किमी०/घण्टा में क्या है?

(1) 72
(2) 54
(3) 48
(4) तय करना कठिन है

55. चार परीक्षक 5 घण्टे प्रतिदिन कार्य करके कुछ उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन 10 दिन में पूरी करते हैं। यदि मात्र 2 परीक्षकों को इनसे दोगुनी उत्तरपुस्तिकाओं का मूल्यांकन 20 दिनों में करना हौ, तो उन्हें प्रतिदिन कितने घण्टे मूल्यांकन का कार्य करना होगा?

(1) $7\frac{1}{2}$ (2) 8 (3) 9 (4) 10

56. यदि एक नाव नदी की धारा के विपरीत 1.5 किमी० प्रति घंटा की गति से जाती है और धारा के प्रवाह के साथ 12 मिनट में 1.1 किमी० जाती है, तो शान्त जल में उस नाव को 10.5 किमी० की दूरी तय करने में कितना समय लगेगा?

(1) $1\frac{10}{11}$ घंटे (2) $2\frac{3}{4}$ घंटे (3) 3 घंटे (4) $3\frac{2}{11}$ घंटे

**57.** यदि किसी कूट भाषा में TRADING को BSUCHOJ लिखा जाता है तो उसी भाषा में BOARDER किस प्रकार लिखा जाएगा?

(1) BPCSSFE (2) CPBQSFE (3) BPCQEFS (4) BPCQSFE

**58.** 4544 रूपए की धनराशि A, B और C के बीच इस प्रकार बाँटी जानी है कि A को मिलने वाले हिस्से का $\frac{3}{7}$, B के हिस्से के बराबर हो तथा C को मिलने वाले हिस्से का $\frac{7}{6}$, A के हिस्से के बराबर हो। ऐसे में B को मिलने वाली धनराशि कितनी है?

(1) रु० 852 (2) रु० 1704 (3) रु० 1988 (4) रु० 2982

**59.** आशुतोष, मुकेश और रमेश एक वृत्ताकार स्टेडियम में जॉगिंग करना प्रारम्भ करते हैं। वे अपना चक्कर क्रमश: 48, 42 और 32 सेकण्ड में पूरा करते हैं। ये सभी प्रारम्भिक बिन्दु पर कितनी अवधि के बाद एक साथ होंगे?

(1) 678 से० (2) 672 से० (3) 714 से० (4) 721 से०

**60.** एक संख्या के 56% और उसी संख्या के 41% के बीच का अन्तर 660 है, तो उस संख्या का 8% कितना होगा?

(1) 321 (2) 336 (3) 352 (4) 358

**61.** यदि दो उत्तरोत्तर धनात्मक पूर्णांकों का गुणनफल 7482 है, तो बड़ा पूर्णांक निम्नलिखित में कौन-सा है?

(1) 89 (2) 87 (3) 84 (4) 82

**62.** निम्नलिखित संख्या श्रृंखला में प्रश्नचिह्न (?) के स्थान पर कौन संख्या आएगी?

श्रृंखला : 1 5 17 53 161 485?

(1) 1168 (2) 1254 (3) 1372 (4) 1457

**63.** शब्द FOREHAND में अक्षरों के ऐसे कितने जोड़े हैं जिनमें से प्रत्येक में शब्द के बीच उतने ही अक्षर हैं जितने कि अँग्रेजी वर्णमाला में उनके बीच है?

(1) कोई नहीं (2) 1 (3) 2 (4) 3

**64.** 8% प्रतिवर्ष की दर से रु० 3000 की धनराशि पर 2 वर्ष बाद कितना चक्रवृद्धि ब्याज मिलेगा?

(1) रु० 501.50 (2) रु० 499.20 (3) रु० 510 (4) रु० 495

**65.** रु० 19800 की धनराशि पर 3 वर्ष के अन्त में उपचित साधारण ब्याज रु० 7128 है। इसी धनराशि पर, इसी दर से और इसी अवधि में उपचित चक्रवृद्धि ब्याज कितना होगा?

(1) रु० 7382.3472 (2) रु० 8017.5744

(3) रु० 7861.8754 (4) रु० 8934.6784

निर्देश : निम्नलिखित प्रश्नों (संख्या **66** से **70** तक) के उत्तर देने के लिए नीचे दी गयी सारणी का ध्यानपूर्वक अध्ययन कीजिए :

वह संस्थानों में, अलग-अलग पाठ्यक्रमों में,

प्रवेश पाए विद्यार्थियों की संख्या

| संस्थान/कार्यक्रम | MBA | MMS | PGDBA | DCA | MCA | ACP |
|---|---|---|---|---|---|---|
| GIMS | 120 | 60 | 150 | 50 | 200 | 30 |
| WIBS | 120 | 90 | 240 | 35 | 205 | 00 |
| JBMS | 180 | 120 | 300 | 30 | 180 | 00 |
| NIBS | 60 | 90 | 125 | 60 | 210 | 15 |
| IIPS | 90 | 90 | 140 | 25 | 190 | 15 |
| ACMS | 45 | 60 | 180 | 20 | 185 | 60 |

**66.** किस कार्यक्रम में विद्यार्थियों की संख्या सर्वाधिक है?

(1) PGDBA (2) MCA (3) MBA (4) MMS

**67.** विभिन्न संस्थानों में ACP पाठ्यक्रम में विद्यार्थियों की कुल संख्या क्या है?

(1) 150 (2) 140 (3) 120 (4) 130

**68.** विभिन्न संस्थानों में, विद्यार्थियों की संख्या में, किस पाठ्यक्रम में कम-से-कम अन्तर (variation) है?

(1) MMS (2) MBA (3) MCA (4) DCA

**69.** MMS पाठ्यक्रम में NIBS संस्थान के विद्यार्थियों की संख्या JBMS संस्थान के विद्यार्थियों की संख्या का कितना प्रतिशत है?

(1) 95% (2) $133\frac{1}{3}\%$ (3) 90% (4) 75%

**70.** निम्नलिखित में से कौन-सा कथन **असत्य** है?

(1) JBMS में PGDBA पाठ्यक्रम में विद्यार्थियों की संख्या सर्वाधिक है।
(2) ACMS के सभी पाठ्यक्रमों में, MCA में विद्यार्थियों की संख्या सर्वाधिक है।
(3) किन्हीं दो संस्थानों में कुल विद्यार्थियों की संख्या समान नहीं है।
(4) सभी संस्थानों में JBMS में कुल विद्यार्थियों की संख्या सर्वाधिक है।

**71.** हिन्दी को संघ सरकार की राजभाषा कब घोषित किया गया?

(1) 14 सितम्बर, 1949 (2) 26 जनवरी, 1949
(3) 2 अक्टूबर, 1949 (4) 15 अगस्त, 1950

**72.** राजभाषा नियम के अन्तर्गत पश्चिम बंगाल किस क्षेत्र में आता है?

(1) 'क' क्षेत्र (2) 'ख' क्षेत्र (3) 'ग' क्षेत्र (4) 'घ' क्षेत्र

**73.** किस वर्ष राजभाषा आयोग गठित किया गया?

(1) 1950 (2) 1955 (3) 1952 (4) 1953

**74.** वैज्ञानिक एवं तकनीकी शब्दावली आयोग को स्थापित करने के लिए किस वर्ष राष्ट्रपति का आदेश जारी किया गया?

(1) 1961 (2) 1960 (3) 1963 (4) 1962

75. संविधान के किस अनुच्छेद में उल्लिखित है कि संघ के सरकारी कामकाज में अन्तर्राष्ट्रीय अंकों का प्रयोग होगा?

(1) अनु॰ 343 (2) अनु॰ 345 (3) अनु॰ 349 (4) अनु॰ 351

76. राजभाषा अधिनियम, 1963 की किस धारा के अन्तर्गत हिन्दी और अंग्रेजी दोनों भाषाओं के साथ-साथ प्रयोग की बात कही गयी है?

(1) 3(3) (2) 3(1) (3) 3(2) (4) 2(1)

77. संघ के शासकीय प्रयोजनों के लिए किस वर्ष राजभाषा नियम बनाए गए?

(1) 1973 (2) 1976 (3) 1967 (4) 1963

78. राजभाषा नियमावली के किस नियम में उल्लेख है कि हिन्दी में प्राप्त पत्र का उत्तर हिन्दी में ही दिया जाएगा?

(1) नियम 7 (2) नियम 10 (3) नियम 11 (4) नियम 5

79. अंक 93 की मानक हिन्दी वर्तनी है :

(1) तिरानबे (2) तिरानवे (3) तिरान्वे (4) तीरान्नबे

80. निम्नलिखित में शुद्ध रूप है :

(1) प्रदर्शिनी (2) प्रदर्शिनी (3) प्रर्दशिनी (4) प्रदर्शनि

81. 'अद्रि' शब्द का अर्थ है :

(1) गीला (2) पर्वत (3) व्यर्थ (4) दुःख

**82.** 'व्याप्त' में सन्धि है :

(1) यण् सन्धि (2) दीर्घ सन्धि (3) गुण सन्धि (4) अयादि सन्धि

**83.** 'कठपुतली' में कौन–सा समास है?

(1) अधिकरण तत्पुरुष (2) कर्म तत्पुरुष (3) सम्प्रदान तत्पुरुष (4) सम्बन्ध तत्पुरुष

**84.** विसर्ग का प्रयोग किन शब्दों में नहीं होता है?

(1) तत्सम (2) तद्भव (3) संकर (4) निर्मित

**85.** 'लौकिक' शब्द में प्रत्यय है :

(1) इक (2) लोइक् (3) अक (4) किक

**86.** 'प्रचार' शब्द में प्रत्यय है :

(1) चार (2) चर् (3) घञ् (4) प्र

**87.** 'प्रतीक' और 'दिनमान' के प्रख्यात सम्पादक हैं :

(1) माखन लाल चतुर्वेदी (2) बनारसी दास चतुर्वेदी

(3) धर्मवीर भारती (4) अज्ञेय

**88.** 'हंस' का सम्पादन किया :

(1) अमृत राय ने (2) प्रेमचन्द ने

(3) शिवदान सिंह चौहान ने (4) उपर्युक्त सभी ने

**89.** सूचीःI का मिलान सूचीःII से करिए और दिए गए कूट से सही उत्तर चुनिए :

| सूचीः I | सूचीः II |
|---|---|
| (क) इत्यलम् | (i) धर्मवीर भारती |
| (ख) ठंडा लोहा | (ii) अज्ञेय |
| (ग) गीत करोश | (iii) नरेश मेहता |
| (घ) संशय की एक रात | (iv) भवानी प्रसाद मिश्र |

| कूट : | क | ख | ग | घ |
|---|---|---|---|---|
| (1) | ii | iv | iii | i |
| (2) | iii | iv | i | ii |
| (3) | ii | i | iv | iii |
| (4) | iv | ii | iii | i |

**90.** निम्नलिखित में से कौन-सा वाक्य शुद्ध है?

(1) राम ने भरपेट मिठाई खाई
(2) राम ने पेट भर मिठाई खाई
(3) राम ने पेट भर के मिठाई खाई
(4) राम ने पेट भर भर के मिठाइयाँ खाईं।

**91.** निम्नलिखित में से कौन-सा वाक्य शुद्ध है?

(1) मैं आपकी सौजन्यता पर मुग्ध हूँ।
(2) मैं आपके सुजन्य पर मुग्ध हूँ।
(3) मैं आपके सौजन्य पर मुग्ध हूँ।
(4) मैं मुग्ध हूँ आपकी सौजन्यता पर।

**92.** 'प्लवग' शब्द का अर्थ है :

(1) सर्प
(2) मेढक
(3) पक्षी
(4) मरुत

**93.** निम्नलिखित शब्द-युग्मों में कौन-सा असंगत है?

(1) कारतूस-अंग्रेजी
(2) कैंची-तुर्की
(3) गमला-पुर्तगाली
(4) अफसोस:फारसी

**94.** योगरूढ़ शब्द है :

(1) सुर (2) योद्धा (3) राक्षस (4) दशानन

**95.** किसी भी भाषा में हिन्दी का प्रथम व्याकरण लिखने वाले विद्वान हैं :

(1) एम०टी० आदम (2) जेशुआ केटलर (3) जार्ज ग्रियर्सन (4) टी०पाई

**96.** पं० बालकृष्ण भट्ट द्वारा सम्पादित पत्रिका थी :

(1) प्रभा
(2) आनन्द कादम्बिनी
(3) हिन्दी प्रदीप
(4) कवि वचन सुधा

**97.** 'सरस्वती' पत्रिका का प्रकाशन किस सन् में हुआ?

(1) 1900 ई० (2) 1901 ई० (3) 1902 ई० (4) 1903 ई०

**98.** यायावरी जीवन के साथ यात्रा-वृत्तांत के लेखक के रूप में प्रसिद्ध हैं :

(1) राहुल सांकृत्यायन
(2) त्रिलोचन शास्त्री
(3) नागार्जुन
(4) निराला

**99.** 'गतानुगतिक' शब्द का सही अर्थ है :

(1) पीछे चलने वाला
(2) प्राचीन आदर्श के अनुसार चलने वाला
(3) गत का अनुगत
(4) अनुसरण करने वाला

**100.** 'अवांछित संवाद' अर्थ के उपयुक्त मुहावरा है :

(1) सिर पड़ना (2) सिर खपाना (3) सिर नीचा होना (4) सिर खाना

**101.** 'बाँधा था विधु को किसने इन काली जंजीरों से': 'प्रसाद' की इस पंक्ति का अर्थ किस शब्द-शक्ति से ग्रहण होगा?

(1) अभिधा (2) लक्षणा (3) व्यंजना (4) व्यंग्य ध्वनि

**102.** सभी स्वर होते हैं :

(1) दन्त्य (2) निसर्ग (3) घोष (4) अघोष

**103.** 'य' और 'व' हैं :

(1) अंतस्थ एवं अद्‌र्धस्वर (2) पार्श्विक एवं अद्‌र्धस्वर

(3) संयुक्त स्वर (4) दीर्घ स्वर

**104.** विभक्ति चिह्न: 'में', 'पे' तथा 'पर' सम्बन्धित हैं :

(1) सम्प्रदान कारक से (2) करण कारक से

(3) अपादान कारक से (4) अधिकरण कारक से

**105.** अधोलिखित शब्दों के संधि-विच्छेदों के आधार पर उपयुक्त का चयन कीजिए :

(i) निराशा = नि: + आशा

(ii) प्रणाम = प्र+नाम

(iii) उद्‌धार = उद् + धार

(iv) चचेरा = चाचा + एरा

(v) व्यापक = वि+ आपक

**उत्तर:**

(1) (i), (iii) एवं (iv) (2) (ii), (iii), (iv) एवं (v)

(3) (i), (iv) एवं (v) (4) (i), (ii), (iv) एवं (v)

**106.** अनुलोम - विलोम के गलत युग्म युग्मों को चुनिए :

(i) प्रसाद-प्रमाद (ii) पुरस्कार-तिरस्कार

(iii) उद्‌धत-नम्र (iv) आर्द्र-शुष्क

**उत्तर :**

(1) मात्र (i) (2) मात्र (iii)

(3) (i) और (iii) (4) (iii) और (iv)

**107.** निम्नलिखित वाक्यों को ध्यानपूर्वक पढ़कर शुद्ध विकल्प का चयन कीजिए :

(क) आपस में उनका परस्पर सहयोग नहीं है

(ख) अपनी जाति का पतन हम नहीं देख सकते

(ग) इस बात का स्पष्टीकरण करना मेरे लिए अत्यन्त आवश्यक है

(1) सभी वाक्य शुद्ध हैं
(2) प्रत्येक वाक्य अशुद्ध है
(3) केवल वाक्य 'ख' शुद्ध है
(4) 'ख' तथा 'ग' शुद्ध हैं

**108.** अधोलिखित वाक्यों के रेखांकित पदों पर विचार कीजिए :

(क) हमारा मित्र यहाँ रहता है।
(ख) तुम हमारे यहाँ भालू देखोगे।
(ग) तुम हमसे पहले पहुँचना।
(घ) रास्ते में पहले हमारा घर आएगा।

उपर्युक्त में से क्रिया विशेषण सम्बन्धी वाक्य/वाक्यों का चयन कीजिए :

(1) 'क' एवं 'ख'
(2) 'क' एवं 'ग'
(3) 'क' एवं 'घ'
(4) 'ख' एवं 'ग'

**109.** 'निकेत' शब्द का पर्यायवाची है :

(1) कामदेव (2) सूर्य (3) चन्द्रमा (4) गृह

**110.** 'कुशल-मंगल' तथा 'कत्थे का पेड़' को भाषाभेद से जो शब्द द्योतित कर सकता है, वह है:

(1) खैर (2) कुशल (3) कुल (4) शकल

**111.** सही युग्म का चयन कीजिए :

(1) पुर्तगाली – कदम
(2) तुर्की – कारखाना
(3) चीनी – चाय
(4) फ़ारसी – जलसा

**112.** 'अपसरण' का विपरीतार्थक शब्द है :

(1) अनुसरण (2) सरण (3) अभिसरण (4) परासरण

**113.** अधोलिखित में से मुहावरे का चयन कीजिए :

(1) पत्थर की लकीर
(2) बड़े बोल का सिर नीचा
(3) पेड़ फल से जाना जाता है
(4) बूढ़ी घोड़ी लाल लगाम

**114.** 'डेढ़ चावल की खिचड़ी पकाना' का निहितार्थ है :

(1) कम वय में अधिक ज्ञानी
(2) अत्यधिक साहस दिखाना
(3) बात की तह तक जाना
(4) बहुमत से अलग रहना

**115.** अधोलिखित में से शुद्ध वाक्य है/हैं :

(क) वृक्षों पर कोयल कूक रही है।
(ख) छात्रों ने अपने प्रिय अध्यापक को अभिनन्दन पत्र प्रदान किया।
(ग) इस समय आपकी अवस्था क्या है?
(घ) गुण तीन हैं: सतोगुण, रजोगुण एवं तमोगुण।

(1) 'ख' एवं 'ग'
(2) 'ग' एवं 'घ'
(3) 'क', 'ख' एवं 'ग'
(4) 'क', 'ख', 'ग' एवं 'घ'

**निर्देश :** विपणन और बैंकिंग के विभिन्न विषय प्राय: तकनीकी विषय हैं। अत: एक ही मूल शब्द/वाक्यांश के लिए भिन्न-भिन्न हिन्दी समतुल्यों का प्रयोग करना दोषपूर्ण है। कार्यालयी प्रयोग की दृष्टि से भी अँग्रेजी के हिन्दी प्रतिशब्दों में एकरूपता होनी चाहिए। इसे ध्यान में रखकर **प्रश्न सं० 116-125** तक दिए गए अँग्रेजी शब्दों/वाक्यांशों के लिए उपयुक्त **मानक शब्द** का चयन कीजिए :

**116.** 'Statutory' के लिए मानक हिन्दी शब्द है :

(1) संवैधानिक
(2) सांविधिक
(3) परिनियत
(4) अधिनियमित

**117.** 'Report' का हिन्दी प्रतिशब्द है :

(1) प्रत्यावेदन
(2) विवरण
(3) रिपोर्ताज
(4) प्रतिवेदन

**118.** 'Initials' के लिए मानक शब्द है :

(1) आद्यक्षर (2) प्राक्षर (3) छोटे हस्ताक्षर (4) संक्षिप्ताक्षर

**119.** 'Capital Expenditure' के लिए मानक हिन्दी शब्द है ;

(1) पूँजीगत व्यय (2) पूँजीगत लाभ (3) पूँजी निर्माण (4) राजधानी व्यय

**120.** 'Bull and Bear' का उचित अनुवाद है :

(1) साँड़ और भालू (2) तेजड़िया और मंदड़िया

(3) तीव्रता और मन्दता (4) बैल और बीयर

**121.** 'Window Dressing' का शुद्ध विकल्प है :

(1) खिड़की अलंकरण (2) ऊपरी दिखावट

(3) सजावटी खिड़की (4) गवाक्ष सज्जा

**122.** 'Stale Cheque' के लिए मानक बैंकिंग प्रतिशब्द है :

(1) चौर्य चेक (2) बासी चेक (3) गतावधि चेक (4) प्रतिभूति चेक

**123.** 'In conformity with' के लिए हिन्दी पदबन्ध है :

(1) अनुरूप (2) प्रतिरूप (3) नियमानुसार (4) विषयानुकूल

**124.** 'According to one's ability' के उपयुक्त हिन्दी वाक्य खंड है :

(1) यथानुमोदित (2) योग्यतानुसार (3) पदक्रमानुसार (4) यथाशक्ति

**125.** 'Direction' के लिए प्रशासनिक हिन्दी है :

(1) निदेश (2) निर्देश (3) आदेश (4) अनुमोदन

**126.** 1794 ई० में विश्व के प्रथम राष्ट्र के रूप में किस देश ने महिलाओं को मताधिकार प्रदान किया ?

(1) नार्वे (2) न्यूजीलैण्ड (3) स्वीडन (4) इंग्लैण्ड

**127.** 'समयांतर' पत्रिका के क्रमशः सम्पादक – प्रकाशक हैं :

(1) मृणाल पाण्डे – यश मालवीय (2) पंकज विष्ट – मंगलेश डबराल

(3) पंकज विष्ट – पंकज विष्ट (4) रघुवीर सहाय – सर्वेश्वर

**128.** भारतीय विद्या मन्दिर शोध प्रतिष्ठान (बीकानेर) द्वारा प्रकाशित पत्रिका है :

(1) युगधारा (2) वैचारिकी (3) नवनीत (4) अक्षरा

**129.** 'विज्ञान प्रसार' द्वारा प्रकाशित द्विभाषी पत्रिका है :

(1) विज्ञान प्रसार (2) साइंस टुडे (3) विज्ञान प्रगति (4) ड्रीम 2047

**130.** 'तहलका' पत्रिका के सम्पादक हैं :

(1) तरुणजीत तेजपाल (2) तेजपाल सिंह गौतम

(3) विकास बहुगुणा (4) भास्कर मुखर्जी

**131.** 'उद्‌भावना' पत्रिका के सम्पादक हैं :

(1) अरुण कमल (2) अजेय कुमार

(3) राजेश जोशी (4) असगर वजाहत

**132.** हिन्दी 'वाक्' के सम्पादक हैं :

(1) अज्ञेय (2) सुधीश पचौरी

(3) किशन कालजयी (4) कन्हैया लाल नन्दन

133. 21वीं सदी में 'प्रगतिशील वसुधा' के सम्पादक मण्डल का सदस्य निम्नलिखित विद्वानों में से कौन **नहीं** रहा है?

(1) कमला प्रसाद (2) स्वयं प्रकाश (3) हरिशंकर परसाई (4) राजेन्द्र शर्मा

134. लोक के लिए समर्पित प्रसिद्ध पत्रिका 'मड़ई' है :

(1) द्विमासिक (2) त्रैमासिक (3) छमाही (4) वार्षिक

135. भारतीय भाषाओं में सर्वप्रथम मुद्रित पत्र 'दिग्दर्शन' का प्रकाशन-वर्ष है :

(1) 1818 ई० (2) 1822 ई० (3) 1826 ई० (4) 1780 ई०

136. दैनिक समाचार-पत्र 'समाचार सुधावर्षण' का सम्पादन और प्रकाशन किसने किया था?

(1) राजा राममोहन राय – तारा चरण मैत्र (2) राजा राममोहन राय – केशव चन्द्र सेन

(3) श्याम सुन्दर सेन – श्याम सुन्दर सेन (4) श्याम सुन्दर सेन – जे०सी० मार्शमन

137. समाचार का प्रदर्शक (Display window) किसे कहते हैं?

(1) समाचार पत्र को (2) समाचार के शीर्षक को

(3) समाचार के इन्ट्रो को (4) समाचार की डेट लाइन को

138. 'समाचार पत्र का पहला कर्त्तव्य है कि वह सुन्दर दिखे, दूसरा यह कि वह सच बोले।': उपर्युक्त कथन किसका है?

(1) मार्क ट्वेन (2) महात्मा गाँधी

(3) बाल गंगाधर तिलक (4) कोलमैन

139. निम्नलिखित में से कौन-सा पुरस्कार पत्रकारिता से सम्बन्धित **नहीं** है?

(1) वर्ष का संवाददाता पुरस्कार (2) दादा भाई नौरोजी पुरस्कार

(3) चमेली देवी पुरस्कार (4) मैगसेसे पुरस्कार

**140.** निम्नलिखित में से कौन-सा पुरस्कार ग्रामीण पत्रकारिता से सम्बन्धित है ?

(1) स्टेट्समैन पुरस्कार (2) समता पुरस्कार

(3) दुर्गा रतन पुरस्कार (4) हल्दीघाटी पुरस्कार

**141.** 'बनारस अखबार' के प्रथम सम्पादक कौन थे?

(1) तारामोहन मैत्र (2) गोविन्द रघुनाथ थत्ते

(3) पं० छोटू लाल मिश्र (4) पं० मदन मोहन मालवीय

**142.** विदेशी मूल्य और अपसंस्कृति का प्रसार भारत में किस माध्यम द्वारा सर्वाधिक हुआ/ हो रहा है ?

(1) समाचार पत्र (2) वीडियो (3) टेलीविजन (4) रेडियो

**143.** इलाहाबाद से 'स्त्री दर्पण' का प्रकाशन किसने किया था?

(1) शिवरानी देवी (2) महादेवी वर्मा

(3) शारदा देवी शर्मा (4) राधिका किशोरी देवी

**144.** निम्नलिखित में से कौन भारतीय पत्रकारों का व्यावसायिक संगठन **नहीं** है?

(1) प्रेस इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया (2) भारतीय श्रमजीवी पत्रकार संघ

(3) दि प्रेस गिल्ड इंडिया (4) ऑल इंडिया एडिटर्स एसोसिएशन

**145.** भारतीय भाषाओं में सबसे पहले किस भाषा के टाईप तैयार किए गए?

(1) हिन्दी (2) तमिल (3) संस्कृत (4) बाङ्ला

**146.** निम्नलिखित में से कौन समाचार पत्र का तत्त्व नहीं है?

(1) संगति (Harmony) (2) स्थिरता (Stability)

(3) संतुलन (Balance) (4) विरोधाभास (Contrast)

**147.** समाचार पत्र में अंतिम क्षण में दिया जाने वाला समाचार कहलाता है?

(1) लास्ट न्यूज (2) करेंट न्यूज (3) रश स्टोरी (4) न्यूज स्टोरी

**148.** 'बिहाइण्ड द बाईलाइन' पुस्तक के लेखक–पत्रकार हैं :

(1) एम०वी० कॉमथ (2) बरखा दत्त

(3) कुलदीप नैयर (4) खुशवंत सिंह

**149.** "आवश्यकता है, वीर सिपाहियों की। वेतन : मृत्यु, पुरस्कार : शहादत, पेंशन : स्वतंत्रता, युद्ध–स्थल : भारत": यह विज्ञापन किस पत्र ने प्रकाशित किया ?

(1) कॉमरेड (2) युगान्तर (3) केसरी (4) गदर

**150.** असत्य को चिह्नित कीजिए :

| | पत्र | संस्थापक/सम्पादक | प्रकाशन स्थान |
|---|---|---|---|
| (1) | सर्चलाईट | सच्चिदानन्द सिन्हा | जबलपुर |
| (2) | जन्मभूमि | अमृत लाल सेन | बम्बई |
| (3) | प्रताप | गणेश शंकर विद्यार्थी | कानपुर |
| (4) | सैनिक | कृष्णदत्त पालीवाल | आगरा |

# अभ्यर्थियों के लिए निर्देश

***(इस पुस्तिका के प्रथम आवरण पृष्ठ पर तथा उत्तर-पत्र के दोनों पृष्ठों पर केवल नीली-काली बाल-प्वाइंट पेन से ही लिखें)***

1. प्रश्न पुस्तिका मिलने के 10 मिनट के अन्दर ही देख लें कि प्रश्नपत्र में सभी पृष्ठ मौजूद हैं और कोई प्रश्न छूटा नहीं है। पुस्तिका दोषयुक्त पाये जाने पर इसकी सूचना तत्काल कक्ष-निरीक्षक को देकर सम्पूर्ण प्रश्नपत्र की दूसरी पुस्तिका प्राप्त कर लें।
2. परीक्षा भवन में ***लिफाफा रहित प्रवेश-पत्र के अतिरिक्त,*** लिखा या सादा कोई भी खुला कागज साथ में न लायें।
3. ***उत्तर-पत्र अलग से दिया गया है। इसे न तो मोड़ें और न ही विकृत करें। दूसरा उत्तर-पत्र नहीं दिया जायेगा। केवल उत्तर-पत्र का ही मूल्यांकन किया जायेगा।***
4. अपना अनुक्रमांक तथा उत्तर-पत्र का क्रमांक प्रथम आवरण-पृष्ठ पर पेन से निर्धारित स्थान पर लिखें।
5. ***उत्तर-पत्र के प्रथम पृष्ठ पर पेन से अपना अनुक्रमांक निर्धारित स्थान पर लिखें तथा नीचे दिये वृत्तों को गाढ़ा कर दें। जहाँ-जहाँ आवश्यक हो वहाँ प्रश्न-पुस्तिका का क्रमांक तथा सेट का नम्बर उचित स्थानों पर लिखें।***
6. ***ओ० एम० आर० पत्र पर अनुक्रमांक संख्या, प्रश्नपुस्तिका संख्या व सेट संख्या (यदि कोई हो) तथा प्रश्नपुस्तिका पर अनुक्रमांक और ओ० एम० आर० पत्र संख्या की प्रविष्टियों में उपरिलेखन की अनुमति नहीं है।***
7. ***उपर्युक्त प्रविष्टियों में कोई भी परिवर्तन कक्ष निरीक्षक द्वारा प्रमाणित होना चाहिये अन्यथा यह एक अनुचित साधन का प्रयोग माना जायेगा।***
8. ***प्रश्न-पुस्तिका में प्रत्येक प्रश्न के चार वैकल्पिक उत्तर दिये गये हैं। प्रत्येक प्रश्न के वैकल्पिक उत्तर के लिए आपको उत्तर-पत्र की सम्बन्धित पंक्ति के सामने दिये गये वृत्त को उत्तर-पत्र के प्रथम पृष्ठ पर दिये गये निर्देशों के अनुसार पेन से गाढ़ा करना है।***
9. प्रत्येक प्रश्न के उत्तर के लिए केवल एक ही वृत्त को गाढ़ा करें। एक से अधिक वृत्तों को गाढ़ा करने पर अथवा एक वृत्त को अपूर्ण भरने पर वह उत्तर गलत माना जायेगा।
10. ***ध्यान दें कि एक बार स्याही द्वारा अंकित उत्तर बदला नहीं जा सकता है। यदि आप किसी प्रश्न का उत्तर नहीं देना चाहते हैं, तो संबंधित पंक्ति के सामने दिये गये सभी वृत्तों को खाली छोड़ दें। ऐसे प्रश्नों पर शून्य अंक दिये जायेंगे।***
11. रफ कार्य के लिए प्रश्न-पुस्तिका के मुखपृष्ठ के अंदर वाला पृष्ठ तथा उत्तर-पुस्तिका के अंतिम पृष्ठ का प्रयोग करें।
12. परीक्षा के उपरान्त *केवल **ओ एम आर उत्तर-पत्र*** परीक्षा भवन में जमा कर दें।
13. परीक्षा समाप्त होने से पहले परीक्षा भवन से बाहर जाने की अनुमति नहीं होगी।
14. यदि कोई अभ्यर्थी परीक्षा में अनुचित साधनों का प्रयोग करता है, तो वह विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित दंड का/की, भागी होगा/होगी।